>

Title: Need to develop Uttarkashi - Kamad - Ayarkhal - Budhakedar-Ghanshali - Mayali -Tilwara road into an all weather National Highway-Laid.

श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह (टिहरी गढ़वाल): मैं अपने संसदीय क्षेत्र उत्तराखंड के सीमांत जनपद उत्तर की ओर सरकार का ध्यान दिलाना चाहती हूं । उत्तरकाशी से कम दूरी, सरल-सुगम एवं पौराणिक बूढ़ा केदार मंदिर को जोड़ने वाला, उत्तरकाशी कमद-अंयारखाल, बूढाकेदार, घनसाली, मयाली, तिलवाड़ा मोटर मार्ग को ऑलवेदर रोड (चारधाम प्रोजेक्ट) को जोड़ने तथा राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की मांग पिछले कई वर्षों से स्थानीय लोग तथा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार की जा रही है। बूढाकेदार-अंयारखाल, उत्तरकाशी मोटर मार्ग यातायात के लिए विगत एक दशक पूर्व खोला गया था । यह मार्ग सरकार की मंशा के अनुरूप उत्तराखंड के प्रसिद्ध चारधाम यात्रा को सुगम बनाने तथा प्राचीन पौराणिक बाबा काशी विश्वनाथ मंदिर तथा उत्तरकाशी-बूढा केदार मंदिर को जोड़ते हुए निर्माणाधीन दो ऑलवेदर रोड़ एन.एच.-108 तथा 109 को बीच में सुगमता से जोड़ने तथा दूरी कम करने वाला मार्ग है । राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि सीमांत जनपद उत्तरकाशी के हर्षिल, नेलांग में स्थित आर्मी कैंप से सीमांत चमोली के जोशीमठ, माणा में स्थित आमी कॅप जोड़ने वाला मार्ग है ।

उपरोक्त वर्णित मार्ग पर पड़ने वाले अविकसित पौराणिक व प्राकृतिक सौदर्य वाले स्थल को मानचित्र पर पहचान मिल सकेगी तथा उत्तरकाशी स्थित बाबा काशीनाथ, बूढा केदार के दर्शन व पवित्र नदी मां भागीरथी में स्नान के लिए सीमांत क्षेत्र की जनता को वर्षभर हर मौसम में सुविधा मिलती रहेगी ।

अतः मेरा केन्द्रीय मंत्री जी से आग्रह है कि जनभावनाओं को मद्देनजर रखते हुए उपरोक्त मार्ग को ऑलवेदर राष्ट्रीय राजमार्ग हेतु स्वीकृति देने की कृपा करें ।